प्रादेशिक समाचार
दिनांक–22.08.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा–नई राजनीतिक पारी की रूपरेखा एक सप्ताह में तय कर ली जाएगी।
2. कोलकाता में महिला डॉक्टर की हत्या और दुष्कर्म मामले में सीबीआई सुप्रीम कोर्ट में आज पेश करेगी प्रारंभिक जांच रिपोर्ट।
3. केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे कोलकाता दुश्कर्म पीड़िता की पहचान से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करें।
4. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश के दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के कारण ऑनलाइन रोजगार के अवसर बढ़े।
5. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा सरल और स्पष्ट बनाने को कहा

****

वरिष्ठ झामुमो नेता और राज्य के जल संसाधन एवं शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन ने नई दिल्ली से सरायकेला लौटने के बाद राजनीति से संन्यास लेने से इंकार किया है। पोटका में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक है। जब तीन–चार दिनों में तीस से चालीस हजार कार्यकर्ता जुट गए हैं तो समान विचारधारा वाले लोगों के साथ नई पार्टी बनाने में कोई दिक्कत नहीं है। गौरतलब है कि पिछले 18 अगस्त को चंपाई सोरेन दिल्ली गए थे, तभी से उनके भाजपा में शामिल होने की चर्चा है।

****

कोलकाता में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या मामले में सीबीआई आज सुप्रीम कोर्ट में प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पेश करेगी। इससे पूर्व कल कोलकाता हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने घटना की रिपोर्ट पेश करने की अनुमति मांगी। इस पर मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायाधीश हिरण्यमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने कहा कि अब जो भी रिपोर्ट पेश करनी है, वह सुप्रीम कोर्ट में पेश करें। इसके बाद हाईकोर्ट ने इस मामले से जुड़ी विभिन्न जनहित याचिकाओं पर सुनवाई चार सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी।

****

इलैक्ट्रॉनिकी एवं सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को निर्देश दिया है कि वे आरजी कर मेडिकल कॉलेज घटना में मृतका की पहचान से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन करें। उच्चतम न्यायालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया को निर्देश दिया कि वे मृतका के नाम के सभी संदर्भ और तस्वीरों के साथ वीडियो क्लिप तुरंत हटायें।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि देश के दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के कारण ऑनलाइन रोजगार के अनेक अवसर सृजित हुए हैं। हरियाणा के फरीदाबाद में जेसी बोस यूनिर्वसिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के समारोह में उन्होंने यह बात कही।

****

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आयकर विभाग से करदाताओं को भेजे जाने वाले नोटिस की भाषा को सरल और स्पष्ट बनाने को कहा है, जिससे करदाताओं में डर की भावना पैदा न हो। नई दिल्ली में आयकर के 165वें वर्ष के कार्यक्रम में वित्त मंत्री ने भेजे नोटिस के कारण का स्पष्टीकरण शामिल करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि 72 प्रतिशत करदाता पुरानी

व्यवस्था से नई कर व्यवस्था में आए हैं। उन्होंने कहा कि नए करदाताओं की संख्या बढ़ी है और कर दायरा भी बढ़ रहा है।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज पलामू में मंइयां सम्मान योजना की शुरुआत करेंगे। इस दौरान वे महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित करेंगे। इसके साथ ही पलामू प्रमंडल के तीनों जिलों मेदिनीनगर, गढ़वा एवं लातेहार की महिलाओं कोे योजना की राशि मिलनी शुरू हो जाएगी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक 45 लाख बहनों का निबंधन हो चुका है। इनमें से 42 लाख 85 हजार के आवेदन को प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है।

****

आरक्षण में वर्गीकरण के उच्चतम न्यायालय के फैसले के खिलाफ कल बुलाए गए भारत बंद का झारखंड समेत देश के दलित और आदिवासी बहुल राज्यों में व्यापक असर देखा गया। बंद की अपील पर बिहार, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और ओडिशा में कई स्थानों पर ट्रेनें रोकी गईं, वहीं अधिकतर स्कूल–कॉलेज भी बंद रहे।

****

लोहरदगा जिला में हाथियों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है।

****

पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस–2024 कल देशभर में मनाया जाएगा। पिछले वर्ष इस दिन चंद्रयान–3 मिशन के विक्रम लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग हुई थी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु नई दिल्ली के भारत मंडपम में मुख्य समारोह का उद्‌घाटन करेंगी। नई दिल्ली् में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए अंतरिक्ष राज्यमंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा कि यह पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस न केवल उत्सव का दिन है, बल्कि परावर्तन, आत्मनिरीक्षण और भविष्यए के रेखांकन का भी दिन है।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की नई पार्टी बनाने की घोषणा और आरक्षण में वर्गीकरण के विरोध में बुलाए गए भारत बंद की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है–नई राजनीतिक पार्टी बनाएंगे चंपाई, बोले–हफ्ते भर में सब साफ हो जाएगा दैनिक जागरण ने लिख है–चंपाई ने की नई पार्टी बनाने की घोषणा, कहा–गठबंधन के लिए दरवाजे खुले हिन्दुस्तान की सुर्खी है–बंद : झारखंड में सड़कें रहीं सूनी, बाजार पर भी असर प्रभात खबर लिखता है–हाईकोर्ट ने नहीं सुनीी बंगाल सरकार की दलील, कहा–अब सुप्रीम कोर्ट में कहिए अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और टाइम्स ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पोलैंड यात्रा की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****